प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्तूबर को हजारीबाग में 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रांची से देशभर के ग्यारह हजार सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का किया वर्चुअल उद्घाटन।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया दावा– राज्य में सत्ता परिवर्तन तय, मध्य प्रदेश और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों ने भी हेमंत सरकार पर साधा निशाना।
- जाने माने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित।
- आठवीं ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप में हजारीबाग के मनीष कुमार सिंह ने जीता गोल्ड मेडल।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्तूबर को झारखंड में 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल उरांव ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित हजारीबाग दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री हज़ारीबाग में उन्यासी हजार करोड़ रुपये से अधिक के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रांची से देशभर के ग्यारह हजार सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। रांची में राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय पोषण माह के सातवें संस्करण के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने घोषणा की कि आंगनवाड़ी केंद्र के सभी कार्यकर्ताओं को अब आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि पोषण माह का उद्देश्य एनीमिया जागरूकता, पोषण भी पढाई भी, प्रौद्योगिकी आधारित पहल और अतिरिक्त पर ध्यान केंद्रित करना है।

****************

केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है। वे आज रांची स्थित अमेटी यूनिवर्सिटी में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर फिर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। पार्टी की परिवर्तन यात्रा के लिए रांची के बुंडू पहुंचे श्री सेठ ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।

****************

उधर, दुमका में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला। इससे पहले देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि इस बार झारखंड में सत्ता परिवर्तन तय है।

****************

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने भी पश्चिमी सिंहभूम जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए महिलाओं के खाते में पैसे डालने का नाटक कर रही है।

****************

गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। गिरिडीह और गांडेय विधानसभा क्षेत्रों के लिए 114 करोड़ रुपये की योजनाओं की आधारशिला रखते हुए श्रीमती सोरेन ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने जदयू का दामन थाम लिया है। नयी दिल्ली स्थित जदयू के केंद्रीय कार्यालय में आज राजा पीटर को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने प्राथमिक सदस्यता दिलायी।

****************

गिरिडीह जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****************

जाने माने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार अगले महीने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा  सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की।

****************

आठवीं ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप में हजारीबाग के एडवोकेट मनीष कुमार सिंह ने गोल्ड मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता 25 से 29 सितंबर तक आसनसोल में आयोजित की गयी थी।

****************